दैनिक
गुरूज्योति पत्रिका

GET IT ON Google Play

सत्य का पुजारी हूं , भले ही छोटा ही सही , असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं

Available on the App Store

छोटी-बड़ी खबरे...

एमवीए गठबंधन में दरार! राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी शिवसेना

गुरूज्योति पत्रिका/मुंबई

खबरों के अनुसार सोमवार को उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई बैठक में शिवसेना के 19 में से 11 सांसद ही पहुंचे। ऐसे में माना जा रहा है कि एकनाथ शिंदे गुट का जिसे भी समर्थन होगा, अधिकतर शिवसेना नेता उसी उम्मीदवार को वोट देंगे। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री और अपने समर्थन वाले विधायकों-सांसदों के गुट को असली शिवसेना बताने वाले नेता एकनाथ शिंदे ने राष्ट्रपति चुनाव को लेकर अहम बयान दिया है। शिंदे ने कहा है कि वे राष्ट्रपति चुनाव के लिए द्रौपदी मुर्मू का पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, ÷हमारे सभी विधायक पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुर्मू को वोट देंगे।÷ एकनाथ के एलान के ठीक बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी मुर्मू को समर्थन देने का एलान किया। उद्धव के इस एलान के बाद यह अटकलें लगना शुरू हो गई हैं कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है और सत्ता जाने के बाद शिवसेना अपने सांसदों और विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश में है। दरअसल, एकनाथ शिंदे की ओर से विधायकों को तोड़े जाने के बाद यह साफ है कि शिवसेना में ही नेतृत्व को लेकर फूट पड़ गई है। ऐसे में उद्धव का द्रौपदी मुर्मू को समर्थन के एलान का फैसला शिवसेना को बचाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

राष्ट्रपति भवन के बाद पुरानी संसद पर भी प्रदर्शनकारियों ने किया कब्जा

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

श्रीलंका में आर्थिक समस्या से शुरू हुआ राजनीतिक संकट लगाता नए मोड़ ले रहा है। श्रीलंका की सड़कों पर लगातार प्रदर्शनकारी नजर आ रहे हैं। राष्ट्रपति भवन पर कब्जे के बाद अब प्रदर्शनकारियों ने अब पुराने संसद भवन पर भी कब्जा कर लिया है। यही नहीं देश की इन इमारतों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे है। इन भवनों के देखने के लिए बाहर लंबी-लंबी कतारें भी लग गई हैं। वहीं राष्ट्रपति भवन से लेकर पुराने संसद भवन तक लोग अंदर घुसकर इसके वीडियो भी बना रहे हैं। महीनों से आर्थिक संकट से जुझ रहे लोगों का भी सब्र टूट गया और गुस्साए प्रदर्शनकारियों लगातार सरकारी इमारतों पर कब्जा कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को राष्ट्रपति भवन पर कब्जा करने के बाद अब प्रदर्शनकारियों ने पुराने संसद भवन पर कब्जा कर लिया है। दरअसल ये इमारत राष्ट्रपति भवन से कुछ ही दूरी पर स्थित है। हजारों की तादाद में लोग इस इमारत तक पहुंच रहे हैं और आर्थिक संकट का विरोध कर रहे लोगों को सपोर्ट कर रहे हैं। इनमें देश के जानी मानी हस्तियां भी शामिल हैं। दूसरी तरफ प्रदर्शकारियों को अप्रत्यक्ष रूप से पुलिस और प्रशासन का भी सपोर्ट मिल रहा है। पुलिस और प्रशासन के लोगों का कहना है की भीड़ इतनी ज्यादा है कि, इसको रोक पाना मुश्किल हो रहा है। यही वजह है कि प्रदर्शनकारी लगातार सरकारी इमारतों पर कब्जा करते रहे हैं। श्रीलंका में बिगड़ते हालातों के बीच राष्ट्रपति भवन और पुराना संसद भवन एक टूरिस्ट स्पॉट बनकर रह गया है। इन भवनों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

20 राज्यों में बारिश बनी आफत, गुजरात और एमपी में हाहाकार

अब तक 148 की मौत

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली।

देश के अधिकांश राज्यों में मानसून सक्रिय हो गया है। भारी बारिश की वजह से तबाही मची हुई है। लगातार हो रही बारिश के कारण 20 से ज्यादा राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। लगातार बारिश के कारण कई नदियों के जल स्तर में वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में बारिश और बिजली गिरने की अलग अलग घटनाओं में 148 लोगों की मौत हो चुकी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वोत्तर राज्य असम, मेघालय के बाद अब मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

अब तक 148 की मौत

भारत के कई राज्यों में भारी बारिश के कारण तबाही मची हुई है। गुजरात में अब तक 63 की मौत हो चुकी है। वहीं, महाराष्ट्र में एक जून से अब तक बारिश और बाढ़ से हुए हादसों में 76 लोगों की जान जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में ही 9 लोग मारे गए हैं। इसबीच, मध्यप्रदेश में बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई है।

गुजरात में 9000 लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

गुजरात में बीते दिनों से लगातार हो रही बारिश होने की वजह से बाढ़ के हालात बन गए है। भारी बारिश के कारण 6 जिलों में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दक्षिण और मध्य गुजरात के जिलों में भारी बारिश के कारण कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। 9,000 से अधिक लोगों को स्थानांतरित कर दिया गया और 468 को बचाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की और हालात की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र की ओर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

महाराष्ट्र में बारिश का कहर

महाराष्ट्र में भारी बारिश से हाहाकार मचा हुआ है। रत्नगिरि समेत 4 जिलों में ऑरेंज और 8 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। महाराष्ट्र के रत्नगिरि समेत 4 जिलों में ऑरेंज और 8 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। पुणे जिले में प्रसिद्ध भीमाशंकर मंदिर मार्ग पर भारी बारिश के बाद सोमवार को तड़के भूस्खलन हो गया। बीते तीन दिन में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में तीन लोग नाले में बह गए। कड़ी मशक्कत के बाद उनके शव को निकाला गया। हालांकि नाले में बह जाने के कारण तीन और लोग अब भी लापता हैं।

इन राज्यों में रेड अलर्ट

मौसम विभाग की ओर से केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। तेलंगाना में गोदावरी नदी ने दूसरे खतरनाक स्तर के निशान को पार कर गई है। दिल्ली-एनसीआर और मध्यप्रदेश में सोमवार को बारिश हुई तो वहीं, राजस्थान में अगले दो दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

शिक्षा विभाग: न समय पर पदोन्नति, न हो रहीं सीधी भर्ती, स्कूलों में पदो का टोटा

क्रमोन्नति का तोहफा देकर भूल गए सरकार व विभाग

राज्य सरकार ने बजट में किए 4 हजार स्कूल क्रमोन्नत,लेकिन अभी तक एक में भी प्राचार्य नहीं, 20 हजार व्याख्याता मिलें तो बच्चों की सुचारू हो पढ़ाई

गुरूज्योति पत्रिका

जयपुर राज्य सरकार की ओर से बजट में राज्य के चार हजार माध्यमिक स्कूलों को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत करने का तोहफा दिया गया जिससे बच्चे व अभिभावक खुश हुए लेकिन अब इन स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। इन चार हजार स्कूलों में से अभी तक एक में भी प्राचार्य नहीं है साथ ही इन स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था के लिए 20 हजार स्कूल व्याख्याताओं की जरूरत है। जिनके बिना अभी माध्यमिक कक्षाओं को पढ़ा रहे वरिष्ठ शिक्षकों से काम चलाया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है क्योंकि उच्च माध्यमिक कक्षाओं को पढ़ाने की योग्यता एमए बीएड है ओर जो वरिष्ठ अध्यापक वर्तमान में अध्यापन करवा रहें है उनमें से अधिकांश बीए बीएड है 1 जुलाई से नया शिक्षा सत्र शुरू हों गया जिससे इन स्कूलों में अध्ययन करने वाले उच्च माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

पदों के आवंटन के लिए निदेशक ने भेजा था सरकार को पत्र

राज्य सरकार की ओर से बजट घोषणा के तहत क्रमोन्नत किए गए चार हजार स्कूलों में लगाने के लिए शिक्षा विभाग के पास प्राचार्य नहीं हैं। स्कूल क्रमोन्नत होने के बाद माध्यमिक शिक्षा के पूर्व निदेशक कानाराम ने राज्य सरकार को इन स्कूलों में पद भरने के लिए पत्र भी भेजा था। लेकिन अभी तक ना तो नई भर्ती हुई है ना ही पदोन्नति हुई है जिससे स्कूलों में पद रिक्त है।

क्रमोन्नति के बाद इतना चाहिए स्टाफ

उच्च माध्यमिक स्कूल में ऐच्छिक विषयों के तीन व्याख्याता तथा हिन्दी-अंग्रेजी अनिवार्य विषय के एक-एक व्याख्याता की आवश्यकता होती है। इस तरह चार हजार स्कूलों के लिए ऐच्छिक विषयों के लिए 12 हजार तथा हिन्दी-अंग्रेजी अनिवार्य के लिए चार-चार हजार व्याख्याताओ की आवश्यकता है। साथ ही एक-एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी का पद भी खाली है।

इन स्कूलों में गेस्ट फैकल्टी भी नहीं मिली..

शिक्षा विभाग ने शिक्षण व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी का सहारा लेने की घोषणा की। परन्तु अभी तक गेस्ट फैकल्टी की योजना भी सिरे नहीं चढ़ पाई है जिससे इन स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

सरकार व विभाग पदोन्नति समय पर करें तो भरे जा सकते है रिक्त पद

राज्य के 4 हजार क्रमोन्नत हुए स्कूलों में राज्य सरकार व विभाग को प्राचार्य व व्याख्याता के पदों को समय पर भरना चाहिए। सरकार ने नया शिक्षा सेवा नियम लागू कर दिया फिर भी विभाग दो सत्रों की वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदोन्नति सूची जारी होने के बाद भी पदोन्नति नहीं कर रहा है। जिससे स्कूलों में व्याख्याताओ के पद रिक्त है अगर रिक्त पदों को समय पर नही भरा गया तो बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

मोहर सिंह सलावद प्रदेशाध्यक्ष शिक्षक संघ रेसटा राजस्थान।

देवघर में पीएम मोदी: बाबा बैद्य नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

कहा- पहले शिलान्यास होता था, पत्थर लटके रहते थे, हमारा काम बोलता है

गुरूज्योति पत्रिका/देवघर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को झारखंड की धार्मिक नगरी देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट और एम्स समेत दर्जनभर योजनाओं की शुरुआत की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने 12 किलोमीटर लंबा रोड शो किया और 12 ज्योतिर्लिंग में शामिल बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। पीएम ने यहां पूजन और दर्शन किए। बाबा धाम में उन्होंने एक रैली को भी संबोधित किया। पीएम ने कहा- मुझे पूज्य बाबा के चरणों में जाकर दर्शन-पूजन का मौका मिला। उससे पहले झारखंड के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपयों की योजनाओं को भी बाबा के और जनता जनार्दन के चरणों में अर्पित किया। प्रधानमंत्री ने बनारस का उदाहरण दिया। उन्होंने

कहा कि जब से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर शुरू हुआ है, वहां तीन गुना पर्यटक बढ़े हैं। वहां सभी को फायदा हुआ है। कारोबार बढ़ा है। जहां पर्यटन बढ़ता है, वहां विकास होता है। सबको फायदा होता है। इसके पहले एयरपोर्ट में उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने कोलकाता की फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि देवघर से झारखंड के विकास को गति देने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने 16 हजार करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कहा कि इससे झारखंड के विकास को बल मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि देवघर एयरपोर्ट का सपना लंबे समय से देखा था।

गहलोत से बोले सिन्हा- सावधान रहिए, अभी भी आक्रमण संभव

गहलोत ने सियासी संकट को याद किया; मोदी-शाह पर निशाना

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर दो साल पहले राजस्थान में बीजेपी पर सरकार गिराने के षड्यंत्र का आरोप दोहराते हुए पीएम मोदी और अमित शाह को निशाने पर लिया। यूपीए के राष्ट्रपति उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के विधायकों से मुलाकात के दौरान गहलोत ने महाराष्ट्र और गोवा में ?हुई सियासी उठापटक के बहाने राजस्थान के सियासी संकट को याद किया। उधर सिन्हा ने अब भी सरकार गिराने की आशंका जताते हुए षड्यंत्र से सावधान रहने की नसीहत दी है। सीएम ने कहा- राजस्थान में भी सरकार गिराने की कोशिश में उस वक्त कमी नहीं रखी थी। खूब गुमराह किया हमारे लोगों को। हमारे लोगों को समझ में आ गई। उनके समझ में आ गई ये बहुत बड़ी बात है। मैं उनका सबका आभारी हूं जिनको समझ में आ गई, क्योंकि हमारी सरकार चली जाती और अभी मैं आपके सामने बैठा ही नहीं होता। आप सबकी दुआओं से मैं बैठा हुआ हूं और मुझे गर्व है कि हमारे साथियों ने साथ दिया। विपक्ष के जो साथी चाहे वो सीपीएम के थे, चाहे बीटीपी के थे और चाहे वो इंडिपेंडेंट थे, सबने हमारा साथ दिया और हम लोग सरकार बचा ले गए, वरना उनका तो पूरा षड़यंत्र था।

सिन्हा बोले- लगातार सावधानी की जरूरत है, कभी भी आक्रमण

यशवंत सिन्हा ने राजस्थान में फिर से सरकार गिराने के षडयंत्र की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सावधान रहने की नसीहत दी है। यशवंत सिन्हा ने कहा- ऐसा माहौल मैंने कभी नहीं देखा। केवल वे ही राज करना चाहते हैं, दूसरे को राज नहीं करने देंगे। राजस्थान में जो खेल हुआ, अशेक गहलोत को बधाई कि उन्होंने मुकाबला किया और उन लोगों को हराया। लगातार सावधानी की आवश्यकता है, वे कभी भी आक्रमण कर सकते हैं।

थोक भाव में एमएलए खरीदने का नया फॉर्मूला लेकर आ गए

सीएम अशोक गहलोत ने कहा- सरकारें गिराई जा रही हैं, मैं प्रधानमंत्री जी और अमित शाह जी से पूछना चाहूंगा कि 70 साल में आप ये नया फॉर्मूला कहां से लेकर आ गए थोक भाव में आप एमएलए को खरीदने लग गए । पहले सुनते थे कि कोई इक्का-दुक्का चला जाता था, अब तो थोक भाव में ही 50 लोग सीधे महाराष्ट्र के अंदर चले गए। आप सोच सकते हैं कि नया फॉर्मूला आ गया है। गोवा, मणिपुर, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में नया फॉर्मूला चलाया, लेकिन राजस्थान आपके आशीर्वाद से बच गया।

नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता से दस प्रतिशत कमिशन मांगने वाले चारो आरोपियो की जमानत याचिका खारिज,न्यायालय ने भेजा जेल

गुरूज्योति पत्रिका

पाली/वीरेन्द्र राजपुरोहित। पाली शहर में कल सोमवार को बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष सीताराम शर्मा व दो सदस्य इंदु चोपड़ा, लक्ष्मण पालरिया व बिचौलिए वकील सुधीर कांकाणी को पीडित प्रतिकर राशि दिलवाने बाबत दस प्रतिशत राशि मांगने के आरोप में दस हजार की रिश्वत लेते हुए ACB पाली ने रंगेहाथ किया था गिरफ्तार जिनको आज ACB न्यायालय पाली में पेश किया था जंहा आज न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चारो आरोपियो की बैल याचिका खारिज करते हुए जेल भेजने का आदेश दिया जेल का आदेश सुनते ही एक महिला आरोपी इंदु चोपड़ा बीमारी का बहाना बनाकर बचने का प्रयास करती नजर आयी इन चारों आरोपियों पर एक पोक्सो / दुष्कर्म अपराध से पीड़ित नाबालिग लड़की ने सरकार द्वारा देय पीड़ित प्रतिकर राशि को दिलवाने की एवज में दस प्रतिशत कमिशन की मांग की गई थी और पीड़िता ने इसकी शिकायत ACB में कर दी जिस पर ACB ने दिया था इस कार्यवाही को अंजाम ।

इनका कहना है

8 साल की बच्ची के साथ हुए जघन्य अपराध रेप के मामले में सरकार की प्रतिकार योजना के तहत जो राशि मिलती है उसमे बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व दो सदस्यों व वकील द्वारा जो रिश्वत की मांग की गई वो बेहत दुखद पूर्ण थी। आज सभी आरोपियो की जमानत याचिका माननीय न्यायालय ने खारिज कर दी है और जेल भेजे जाने का आदेश दिया है। अब इस मामले के बाद ओर भी कई पीडित सामने आकर आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हे।

एडवोकेट विक्रम सिंह पिडिता के वकील

गहलोत होंगे गुजरात चुनाव के वरिष्ठ पर्यवेक्षक, कांग्रेस ने पायलट को हिमाचल में दी बड़ी जिम्मेदारी

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर

कांग्रेस नेता सचिन पायलट को हिमाचल प्रदेश का पर्यवेक्षक बनाया है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल प्रदेश के वरिष्ठ पर्यवेक्षक होंगे। साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने राज्य के पर्यवेक्षकों की नियुक्त कर दी है। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए अशोक गहलोत को वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट को हिमाचल प्रदेश का पर्यवेक्षक बनाया है। छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल हिमाचल के वरिष्ठ पर्यवेक्षक होंगे। भूपेश बघेल और सचिन पायलट दोनों मिलकर हिमाचल में पार्टी की चुनावी तैयारियों का जायजा लेंगे। इसके अलावा टीएस सिंह देव और मिलिंद देवड़ा को भी गुजरात का पर्यवेक्षक बनाने का फैसला किया गया है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को राज्यों के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों और पर्यवेक्षकों के बारे में जानकारी दी।

युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की जीवन लीला समाप्त

गुरूज्योति पत्रिका/जालोर। जिले के पुलिस थाना सायला अंतर्गत सुराणा गांव निवासी मूलाराम पुत्र वस्ता राम जाति मेघवाल ने अपने खुद के कृषि बेरे पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की घटना की सूचना मिलते ही सायला थानाधिकारी ध्रुव प्रसाद मय जाब्ते मौके पर पहुंचे आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ वही मृतक के शव को सायला राजकीय मोर्चरी में रखवा कर डॉक्टरों द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया वही पुलिस जांच में जुटी।

नरेगा लोकपाल ब्रजेश कुमार ने ग्राम पंचायत सामतीपुरा के खेड़ा गांव में चल रहे नरेगा कार्यों का किया औचक निरीक्षण

गुरूज्योति पत्रिका/जालोर। नरेगा लोकपाल ब्रजेश कुमार ने ग्राम पंचायत सामतीपुरा के खेड़ा गांव में चल रहे नरेगा कार्यों का किया औचक निरीक्षण निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर मौजूद मेटो से श्रमिकों के बारे में ली जानकारी , जानकारी में मस्टररोल में श्रमिकों की उपस्थिति मौके से श्रमिक मिले नदारद 280 श्रमिकों में से 106 श्रमिक कार्यस्थल पर मिले अनुपस्थित , सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारी , वरिष्ठ तकनीकी सहायक , ग्राम रोजगार सहायक द्वारा उत्तरदायित्व का निर्वाह नहीं करने पर नोटिस किये जारी।

परिक्रमा मार्ग में नवनिर्मित अवाला का किया उद्घाटन

गुरूज्योति पत्रिका/देसूरी। नारलाई में जैकलनाथ पहाड़ परिक्रमा मार्ग पर सरपंच की प्रेरणा से निर्मित सार्वजनिक पेयजल अवाला का संतो के सानिध्य में उद्घाटन किया गया। मंगलवार को धूमधाम से वरघोड़ा निकाला गया। साथ ही सदुरु भंवर महाराज व जति भगाबाबा के सान्निध्य एवं सरपंच शेखर मीणा की अध्यक्षता में नवनिर्मित अवाला का धूमधाम से लोकार्पण किया। सरपंच शेखर मीणा की प्रेरणा पर इस अवाला का निर्माण नारलाई कस्बे के भामाशाह लालाराम सीरवी ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की याद में करवाया। वही सैकड़ो श्रद्धालुओं ने जैकल पहाड़ की परिक्रमा लगाई। इसी बीच सरपंच शेखर मीणा व ग्राम विकास अधिकारी अचलसिंह समेत वार्डपंचों का साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।साथ ही ग्राम पंचायत की ओर से भामाशाह लालाराम का स्वागत किया गया।सरपंच मीणा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अवाला का निर्माण पूण्य का कार्य है।उन्होंने कहा कि सीरवी समाज का गांव में सदैव सहयोग रहा है। इस दौरान वार्डपंच कानाराम सीरवी,अमृत मालवीय,रमेश चौधरी,मिनी सहकारी बैंक अध्यक्ष मगनाराम सीरवी,पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभूदास वैष्णव, भामाशाह लालाराम सीरवी समेत कई लोग मौजूद थे।

कृषि विभाग की ब्लॉक स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला, योजनाओं की दी जानकारी

गुरूज्योति पत्रिका/देसूरी। कृषि विभाग की ब्लॉक स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन पंचायत समिति सभागार देसूरी में कृषि विभाग के सहायक निदेशक डॉक्टर खुमान सिंह रूपावत व विकास अधिकारी मनहर विश्नोई की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला में पंचायत समिति सदस्य,सरपंच व कृषकों ने भाग लिया। साथ ही कृषि,उद्यान,पशुपालन,सहकारिता,ग्रामीण विकास के विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं कृषि विभाग सहायक निदेशक ने कृषि विभाग की योजना खेत तलाई निर्माण,सिंचाई पाइप लाइन,कंपोस्ट पिट निर्माण, सूक्ष्म पोषक तत्व,कृषि यंत्र व तारबंदी के बारे में बताया।कृषि अधिकारी कैलाश चंद्र ने कृषक प्रशिक्षण और कृषक भ्रमण व संगोष्ठी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ नथाराम चौधरी, सहायक कृषि अधिकारी नाडोल प्रताप राम वर्मा,सहायक कृषि अधिकारी देसूरी महेंद्र कुमार,सुजाना राम,खीमा राम मीणा,ललित गर्ग,धर्मपाल सिंह,अनाराम,बाबू सिंह आदि मौजूद थे।

कोलू में प्याऊ का उद्घाटन समारोह आज

गुरूज्योति पत्रिका/देचू। उपखंड क्षेत्र के कोलू राठौड़ा स्थित श्री पाबूजी आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रातः 11 बजे प्याऊ का उद्घाटन किया जाएगा। विद्यालय के अभयसिंह नें बताया कि विद्यालय वार्षिक उत्सव समारोह में स्व. दीपाराम सुथार के सुपुत्रों मांगीलाल, सांगाराम, गोविंदराम व बुद्धाराम द्वारा विद्यालय में नवीन प्याऊ बनाने की घोषणा की गई थी। उनके द्वारा वर्तमान में प्याऊ का निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया गया हैं। जिसका बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा।

बेहतर शिक्षा व संस्कार से क्षेत्र व समाज उन्नति करेगा- चौधरी

चौधरी जगदीश सिंह मेमोरियल एवं शिक्षण अनुंसधान संस्थान बायतु के भवन लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

बायतु। स्थानीय जोगासर ग्राम पंचायत में स्थित चौधरी जगदीश सिंह मेमोरियल एवं शिक्षण अनुसंधान संस्थान बायतु के भवन लोकार्पण कार्यक्रम पूर्व राजस्व मंत्री व बायतु विधायक हरीश चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। भवन लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व विधायक चौधरी ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कार से ही समाज का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि चौधरी जगदीश सिंह शिक्षण संस्थान को अच्छी दिशा व भावना के साथ आगे बढ़ाने में सभी योगदान दें। संस्थान चलाने के लिए सबसे बड़ा योगदान समय का है, इसलिए संस्थान से जुड़े हुए लोग प्राथमिकता से इस संस्था को समय दिया जाए यह हम लोगो को सुनिश्चित करना है। हरीश चौधरी ने कमेटी के सदस्यों का आभार व शुभकामनाएं प्रेक्षित करते हुए कहा कि बायतु क्षेत्र के आसपास के गांवो के निर्धन बच्चों को शैक्षिक वातावरण व अन्य गतिविधिया मिले इस उद्देश्य से संस्थान का निर्माण किया इसके लिए कमेटी के तमाम सदस्य धन्यवाद के पात्र है। कार्यक्रम को बायतु प्रधान सिमरथाराम चौधरी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि चौधरी जगदीश सिंह मेमोरियल एंव शिक्षण संस्थान के कमेटी का शिक्षा के क्षेत्र में यह एक अभिनव प्रयोग है। इसके लिए उन्होंने संस्थान की प्रशंसा की। इससे पहले पूर्व मंत्री व विधायक हरीश चौधरी ने फीता काटकर नवीन भवनों का लोकार्पण किया। जिसके बाद जिन भामाशाहों ने चौधरी जगदीश सिंह मेमोरियल एवं शिक्षण अनुंसधान संस्थान बायतु को बनाने के लिए आर्थिक तौर पर मदद की उन्हें चौधरी ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में बायतु प्रधान सिमरथाराम चौधरी, संस्थान के अध्यक्ष पदमाराम सारण, बायतु मठ के मठाधीश भेर भारती महाराज, बायतु पूर्व उप प्रधान टीकूराम लेगा, बायतु वर्ताधिकारी जग्गुराम पुनिया, बन्नाराम डूडी, भरत सारण, आदर्श किशोर जाणी, उम्मेदाराम बेनिवाल, डूंगराराम काकड़, संस्थान के सचिव जोगाराम कड़वासरा, खुमाराम सारण, पवन कुमार, एसीबीईओ छतिष कुमार लेगा, गणेश सुथार समेत क्षेत्र के कई सरपंच गण व शिक्षा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

एसडीआरएफ ने बारां जिले की पार्वती नदी के टापू पर फंसी 4 महिलाएं तथा 12 पुरुषों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

बारां। पुलिस कंट्रोल रूम बारां से एसडीआरएफ बी कम्पनी कोटा की मानसून सत्र 2022 में बाढ़ बचाव हेतु बारां जिले में तैनात रेस्क्यू टीम बी-3 प्रभारी हैड कानि0 मोरपाल को पुलिस थाना सदर जिला बारां के अन्तर्गत पार्वती नदी के टापू पर 16 व्यक्ति फंसे होने की सूचना मिली 7 सूचना को रेस्क्यू टीम प्रभारी ने एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम को दी, एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम ने सेनानायक पंकज चैधरी ने टीम प्रभारी बारां को अविलंब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिये। रेस्क्यू टीम बी-3 प्रभारी 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ प्रातः 10:35 बजे घटनास्थल के लिए रवाना हुए। 11:00 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया एसडीआरएफ कमांडेंट को बताया कि पुलिस थाना सदर जिला बारां के अन्तर्गत ग्राम हनोतिया, आखेडा, साकली, फतहपुर तथा जालेडा के कुल 16 ग्रामीण कृषि कार्य करने हेतु पार्वती नदी के पार ग्राम गुगलहेडी के खेतों पर गए थे। अचानक नदी में पानी की आवक अधिक होने के कारण नदी उफान पर आ गयी तथा सभी 16 ग्रामीण टापू पर फंस गए। क्षेत्र में तेज बरसात के कारण नदी उफान पर है। एसडीआरएफ राजस्थान सेनानायक ने टीम कमाण्डर को सुरक्षा एवं रेस्क्यू से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा गणपति महावर डिप्टी कमांडेंट, यशोधनपाल सिंह सहायक कमाण्डेन्ट तथा मती एकता हाडा कम्पनी कमाण्डर को ऑपरेशन के निकटतम सुपरवीजन हेतु नियुक्त किया। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम मोटर बोट की सहायता से उफनती पार्वती नदी को पार कर टापू पर पहुंचा । टापू पर फंसे 12 पुरुष तथा 4 महिलाओं को बोट से नदी पार कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया । मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन, थानाधिकारी सदर बारां राजेश खटाणा मय जाप्ता तथा ग्रामीणों ने एसडीआरएफ को धन्यवाद दिया तथा रेस्क्यू टीम के कार्य की सराहना की।

रावणा राजपूत युवा महासभा संस्था तहसील सायला की तहसील स्तरीय बैठक रावणा राजपूत सभा भवन मे हुई आयोजित

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

जालोर। रावणा राजपूत युवा महासभा संस्था तहसील सायला की तहसील स्तरीय बैठक रावणा राजपूत सभा भवन सायला मे जिलाध्यक्ष एडवोकेट श्रवणसिंह सिसोदिया , महासभा संरक्षक दलपतसिंह आर्य के मुख्य आतिथ्य में तथा महासभा तहसील अध्यक्ष बलवंत सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । चुनाव प्रभारी श्रवणसिंह राठौड़ ने बताया कि युवा तहसील अध्यक्ष चुनाव हेतु दो उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र पेश किये। जिसमें से मंगल सिंह जीवाणा ने अपना नामांकन वापस ले लिया ,जिस पर विरेन्द्र सिंह परमार को तहसील युवा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया व मंगलसिंह जीवाणा को महामंत्री चुना गया । चुनाव अधिकारी मोट सिंह चौहान व विक्रम सिंह चौहान ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई और प्रमाण पत्र सुपुर्द किया । बैठक में तहसील महासभा अध्यक्ष बलवन्तसिंह चौहान ने अपनी तहसील कार्यकारिणी गठन किया गया । साथ ही आय व्यय का ब्यौरा पेश किया । बैठक को एडवोकेट श्रवणसिंह सिसोदिया व दलपतसिंह आर्य ने संबोधित करते हुए संगठन के आगामी कार्यकर्मो के सम्बंध में अवगत कराया । बैठक में नगर अध्यक्ष हरिसिंह,जगदीश सिंह राठौड़ ,जितेंद्र सिंह नाथावत जालोर, महेन्द्रसिंह राठौड़, जालमसिंह सांगाणा , दलपतसिंह, राणसिंह,गौतम सिंह सांगाणा, बलवंतसिंह, महेंद्र सिंह सायला , बाबूसिंह,भंवरसिंह सायला , चंदर सिंह,देवीसिंह सायला, मदनसिंह, कपूरसिंह तालियाणा, गौरसिंह,मोड़सिंह, नारायण सिंह, सुरेंद्रसिंह,लक्ष्मण सिंह व कई समाजबंधु मौजूद रहे।

कांस्टेबल ने जान जोखिम में डालकर 2 बच्चों की बचाई जान, एसपी ऋचा तोमर ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मान

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

झालावाड। शहर में डाक बंगले के समीप एक गहरी खदान में नहाने के दौरान दो बच्चों को डूबने से बचाने पर एसपी ऋचा तोमर ने झालरापाटन थाने के कांस्टेबल जुगराज को 1100 रुपए नकद व प्रशंसा पत्र देकर सम्मान किया। वही कांस्टेबल के गैलंट्री अवॉर्ड के लिए भी कार्रवाई की है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि कांस्टेबल जुगराज डाक कार्य से झालावाड आया था। इस दोरान डाक बंगले वाले मार्ग से झालरापाटन वापस लौट रहा था। इसी बीच डाक बंगले के पास एक तलाई में बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। कांस्टेबल ने वहां जाकर देखा तो पानी में 2 बच्चे डूब रहे थे। और बच्चे चिल्ला रहे थे। कांस्टेबल जुगराज ने अपनी जान जोखिम में डालकर बिना देर किए कंधे पर लटका बैग फेंककर वर्दी पहने ही तलाई में कूद गया और दोनो बच्चों को मौत के मुंह से बाहर निकाला। बच्चों को कुछ देर बैठाने के बाद घर रवाना किया। दोनों बच्चे झालावाड़ के पिलखाना मोहल्ले के बताए जा रहे है। दोनों की उम्र 10-11 साल है। बरसाती मौसम के चलते तलाई मे नहाने के लिए बच्चें अपने साथियों के साथ आए थे जो नहाते समय गहरे पानी मे चले गए थे। तथा तैरना नहीं जानने से डूब रहे थे।

लोगों को आवागमन में परेशानी: कई सालो से सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त, कई गांवों में सड़कों के ऊपर डामर का नाम निशान नहीं रहा

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

बायतु। बायतु उपखंड में ग्राम पंचायत कवास, भीमड़ा, हुडो की ढाणी, कोसरिया, बांदरा, छीतर का पार, बाटाडू , माडपुरा बरवाला , गोदारों की ढाणी , बायतु भीमजी , वीरेंद्र नगर समेत कई गांवों को जोड़ने वाला कवास में काऊ का खेड़ा ओर माडपुरा बरवाला से गोदारों की ढाणी सड़क मार्ग पिछले कई सालों से क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी जिम्मेदार सड़क की सुध नहीं ले रहे है। ऐसे में माडपुरा बरवाला से गोदारों की ढाणी सड़क मार्ग 2 महा पूर्व स्टाट किया लेकिन वो भी बीच में छोड़ दिया उसका भी काम पूरा नहीं हुआ । लेकिन ऐसे में जिम्मेदारों के प्रति ग्रामीणों में रोष है। सड़क दस साल से क्षतिग्रस्त होने से जगह-जगह गढ्ढे हो गए है। साथ ही सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। टूटी सड़क के चलते हर समय हादसे की आशंका रहती है। यह सड़क कवास, बाटाडू, भीमड़ा, कोसरिया, बांदरा, काऊ का खेड़ा व छीतर का पार, चौखला ग्राम पंचायत के कई गांवों को जोड़ने के साथ तेल उत्पादन क्षेत्र एमपीटी नागाणा, जोगासर, ऐश्वर्या ऑयल फील्ड काऊ का खेड़ा सड़क मार्ग को भी जोड़ती है। सड़क पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन रहता है। सड़क की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन सड़को को सुधता में नहीं लिया जा रहा है।

उपखंड मुख्यालय होते हुए भी कोई अति आवश्यक सुविधा नहीं

बागोड़ा में भीनमाल से आती है फायर ब्रिगेड गाड़ी, जब तक लाखों का नुकसान हो जाता है

गुरूज्योति पत्रिका/भीनमाल/बागोड़ा। बागोड़ा उपखंड मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड गाड़ी की सुविधा नहीं है । उपखंड मुख्यालय होते हुए भी कोई अति आवश्यक सुविधा नहीं है । ग्रामीणों की मांग है कि उपखंड मुख्यालय पर एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए । अगर कभी आग लग जाती है तो भीनमाल से 40 किलोमीटर दूरी तय कर के आती है समय 2 घंटे लगते हैं तब तक लाखों रुपए का नुकसान हो जाता है । भीनमाल में सुविधा नहीं मिलती हैं तो जालोर से आने में समय 4 घंटे लगते हैं जो 80 किलोमीटर की दूरी तय करके आती है फायर ब्रिगेड की गाड़ी । जब तक आग के हवाले हो जाता है । दुकान हो गाड़ी हो या किसी मजदूर का झोपा हो जब तक जलकर राख हो जाता है । इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि बागोड़ा उपखंड मुख्यालय होने से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए । बागोड़ा उपखंड मुख्यालय पर 28 ग्राम पंचायत लगती है इसलिए एक गाड़ी हमेशा तत्पर उपलब्ध होनी आवश्यक है ।

अनीमिया मुक्त राजस्थान- जिले भर में मनाया शक्ति दिवस

बच्चों, किशोर, किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की हुई जांच

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

जालोर। अनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये अब आगंनवाडी, सरकारी विघालयों, सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस दिन इन केन्द्रों पर बच्चों, किशोर - किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं के लिये अनीमिया संबधित गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें अनीमिया की स्क्रीनिंग, जांच, उपचार तथा अनीमिया के प्रति जागरूकता किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि कार्यक्रम के लक्षित लाभार्थियों में 6 माह के बच्चों से लेकर 59 माह तक के बच्चों, किशोर - किशोरियां, 20 - 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व धात्री माताओं को शामिल किया गया है। उन्होने बताया कि जिले में मंगलवार को आयोजित शक्ति दिवस के अंतर्गत आशा सहयोगिनियों द्वारा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को, 5 से 9 वर्ष के विघालय नहीं जाने वाले बच्चों को, 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को, 20 से 24 वर्ष की विवाहित महिलाओं को एवं गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं को आंगनवाडी केन्द्र पर मोबिलाईज किया गया। आशाओं द्वारा 6 से 59 माह तक के बच्चों को 1 एमएल आईएफए सिरप पिलाई गई, 5 से 9 वर्ष के विघालय नहीं जाने वाले बच्चों को आईएफए की गुलाबी गोली खिलाई। 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं को आईएफए की नीली गोली खिलाई गई। आशा द्वारा 6 माह के बच्चों से लेकर 59 माह तक के बच्चों, 10 से 19 वर्ष की विघालय नहीं जाने वाली समस्त किशोरी बालिकाओं, 20 24 वर्ष की विवाहित महिलाएं, गर्भवती महिलाएं व धात्री माताओं की अनीमिया हेतु स्क्रीनिंग की गई साथ ही अनीमिया के बारे में जागरूक किया गया।

भाजपा गिड़ा मण्डल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

गिड़ा। भारतीय जनता पार्टी गिड़ा मण्डल कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को महादेव मन्दिर परिसर गिड़ा में भाजपा जिला महामंत्री बालाराम मूंढ के मुख्य आतिथ्य में व भाजपा मण्डल अध्यक्ष चुतराराम सुथार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान भाजपा जिला महामंत्री बालाराम मूंढ ने भाजपा संगठन की कार्यपद्धति, इतिहास विकास के बारे में बताया। और मूंढ ने कहा कि भाजपा आगामी चुनावों से सभी बूथ मैनेजमेंट का जोर दे रही है जिसके किए भाजपा सभी बूथों पर फोटो युक्त बूथ कार्यकारिणी व पन्ना प्रमुख बना रही है। मण्डल प्रभारी गिरधरसिंह कोटड़ा ने कहा आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी है तो वो केवल कार्यकर्ताओ की बदौलत है, भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से संगठन का कार्य करता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष चुतराराम सुथार ने भाजपा के कार्यकर्ता विकास के विषय विभिन्न विषयों पर संवाद कर भाजपा सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यो के बारे में बताया तथा चनणाराम बैरड़ ने राजनीतिक प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर जिला महामंत्री बालाराम मूंढ, मण्डल प्रभारी गिरधरसिंह कोटड़ा, मण्डल अध्यक्ष चुतराराम सुथार, एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पदमाराम मेघवाल, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रावल दर्जी, एसटी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मगाराम भील, गिड़ा सरपंच देवीसिंह राजपूत, मानपुरा खारड़ा सरपंच जालाराम थोरी, चिड़िया सरपंच देवाराम मूंढ, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री देवीलाल सोनी, महामंत्री गिरधारीलाल साई व आत्माराम गर्ग, मण्डल उपाध्यक्ष चनणाराम बैरड़, मण्डल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक और बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

आबादी की सीमा

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बढ़ती आबादी को लेकर जो आकलन पेश किए गए हैं, वे दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए चुनौतीपूर्ण हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने दुनिया की बढ़ती आबादी को लेकर ताजा आंकड़े जारी कर दिए हैं। खास बात यह है कि चार महीने बाद यानी पंद्रह नवंबर को दुनिया की आबादी का आंकड़ा आठ अरब छू जाने का अनुमान है। सात अरब का आंकड़ा साल 2011 में आया था। रिपोर्ट में यह अनुमान भी व्यक्त किया गया है कि अगले तीन दशकों में दुनिया की जनसंख्या दो अरब और बढ़ जाएगी। और भारत के संदर्भ में देखें तो चौंकाने वाली बात यह है कि अगले साल यानी 2023 तक आबादी के मामले में हम चीन को पीछे छोड़ सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बढ़ती आबादी को लेकर जो आकलन पेश किए गए हैं, वे दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए चुनौतीपूर्ण हैं। कुछ छोटे और समृद्ध देशों को छोड़ दिया जाए तो कमोबेश सभी देशों की आबादी बढ़ रही है। फर्क बस यही है कि किसी की ज्यादा तो किसी की कम। फिर, आबादी बढ़ने के साथ-साथ संसाधनों का संकट भी बढ़ता जाता है। ऐसा होना स्वाभाविक है। ऐसे में सभी देशों के सामने पहला बड़ा सवाल यही आता है कि इस बढ़ती हुई आबादी की बुनियादी जरूरतें कैसे पूरी हों? सबको दो वक्त का खाना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रहने को घर, पानी आदि तो मुहैया करवाना ही होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि बड़ी आबादी का प्रबंधन किसी भी देश के लिए आसान नहीं होता। पिछली आधी सदी के इतिहास पर गौर करें तो ज्यादातर एशिया, अफ्रीका और लातिन अमेरिकी देशों को जिन हालात से दो-चार होना पड़ा, उसमें उनके लिए जनसंख्या नियंत्रण कोई मामूली काम नहीं था। इसलिए कई देशों के लिए यह प्राथमिकता भी नहीं रही। जाहिर है, ऐसे में इन महाद्वीपों में आबादी बढ़नी थी। और वैसे भी दुनिया के भूभाग पर जनसांख्यिकीय वितरण काफी भिन्न है। मोटा अनुमान है कि आज दुनिया की उनसठ फीसद आबादी एशिया में रहती है। जबकि अफ्रीका में यह फीसद सत्रह, यूरोप में दस, लातिनी अमेरिका में आठ, उत्तरी अमेरिका में पांच और आस्टे:लिया में एक है। ऐसे में आबादी और संसाधनों के बोझ तो उन्हीं देशों पर पड़ेगा जहां आबादी घनत्व सबसे ज्यादा होगा। हालांकि राहत की बात यह है कि वर्ष 2020 में वैश्विक जनसंख्या में बढ़ने की दर एक फीसद से भी कम रही। पिछले सात दशकों में पहली बार ऐसा हुआ। लेकिन आबादी बढ़ने की दर घटती-बढ़ती रहती है।

संतोष चन्द्र, प्रधान संपादक (गुरुज्योति पत्रिका)

कीरवा में महिलाओ ने मंगल गीत गाए व भजन संध्या का किया आयोजन

चौमासी चौदस पर नही जले चूल्हे, गांव के बाहर बनाया खाना जिसमें दाल - बाटा चूरमा

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

खौड। किरवा गांव स्थित श्री मामाजी महाराज के मंदिर पर ग्रामीणो ने रोटी व बाटा बनाकर चूरमा का भोग लगाया गया। चौमासी चौदस के अवसर पर मंगलवार को छत्तीस कौम के ग्रामीणों ने अपने घरों में चूल्हे नही जलाए ।ग्रामीण गांव से करीबन आधा किलो मीटर दुर स्थित कीरवा मामाजी महाराज मन्दिर प्रांगण में अलग - अलग समुह दाल - बाटी व चूरमा बनाया । मामाजी महाराज की पूजा - अर्चना कर चूरमा की प्रसादी का भोग लगाया गया । ग्रामीणो ने गांव में खुशहाली व सुख - समृद्धि की कामना की गई । ग्रामीणों ने विभिन्न बिमारिया से बचाव व अच्छी बारिश को लेकर अलग - अलग भोजन बनाकर मामाजी को भोग लगाया । महिलाओं ने मंगल गीत गए । ज्ञात रहे कि चौमासी चौदह के दिन ग्रामीण घरों में चुल्हे नही जलाते है । ये परम्परा लम्बे समय से चली आ रही है । चौमासी चौदस के दिन घर पर नही बनाते खाना ग्रामीणो ने बताया कि चौमासी चौदस के दिन यह परम्परा पिछले कई सालो से चली आ रही है , कि उस दिन ग्रामीण घर के बाहर भोजन बनाते है । सभी छत्तीसी कौम के लोग घरों में भोजन नही बनाते बल्कि उस दिन सभी परिवार अलग - अलग भोजन में दाल - बाटा व चूरमा बनाकर मामाजी महाराज को भोग लगाकर अच्छी बरसात व विभिन्न बीमारियों से बचाव एवं खुशहाली की कामना करते है ।इससे पहले भजन संध्या कार्यकम आयोजित कि गई । भजनो में कई कलाकारो ने भजनो कि प्रस्तुति दि । ग्रामीणो ने बताया कि चौमासी चौदस के दिन बारिश की कामना कि जाती है, जो मामाजी महाराज को दाल - बाटा व चूरमा का भोग लगाने के साथ पूजा - अर्चना कर के बाद बारिश होती है ।ओर यह परम्परा कई सालो से चली आ रही है , उस दिन कोई भी ग्रामीण लोग कार्य पर नही जाते है । और मामाजी महाराज के दरबार में कई धार्मिक कार्यकम होते है दिनभर भजन - किर्तन व पूजा अर्चना के लिए श्रदालुओ की भीड रहती है ।

जैन श्वेतांबर संप्रदाय के सिद्ध भगवान की 500 वर्ष पुरानी ढाई फीट ऊंची मूर्ति खुदाई में मिली

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। उपखंड के मौजपुर गांव के समीपवर्ती छिलाछो गांव के पहाड़ी के समीप सोमवार देर शाम जैन श्वेतांबर संप्रदाय के सिद्ध भगवान की मूर्ति पेड़ों को लगाने के लिए गढ्ढा खोदते समय एमिको को मिली है। मूर्ति मिलने से जैन समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार नगर पालिका मौजपुर के समीपवर्ती गांव छिलाछो गांव के पहाड़ की तलहटी पर पौधे लगाने के लिए गढ्ढा खोदने का कार्य चल रहा था। गढ्ढे खुदाई के दौरान लगभग एक मूर्ति निकली लेकिन मिट्टी में चिपकी होने के कारण किसी का ध्यान मूर्ति पर नहीं गया। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार शाम जिस जगह पर मूर्ति निकली उसी जगह पर अच्छी बरसात हुई। जिससे मूर्ति पर लगी मिट्टी धूल गई। और मूर्ति के बारे में पता लगा। कुछ लोगों ने गढढे से निकली मूर्ति जैन श्वेतांबर संप्रदाय की सिद्ध भगवान की मूर्ति की पहचान करते हुए बताया। श्रमिकों ने इसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी तो मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। और मूर्ति मिलने की सूचना जैन समाज के अध्यक्ष व पूर्व सरपंच रामेश्वर जैन को दी। सूचना पर जैन समाज के लोग मौके पर पहुंचे। बाद में मूर्ति की पहचान सिद्ध भगवान के रूप में की गई। बाद में मूर्ति को गांव के ग्रामीणों के पास सुरक्षित रख दी गई है। इधर खुदाई के दौरान सिद्ध भगवान की कई ढाई फीट ऊंची 500 वर्ष से पुरानी मूर्ति मिलने से जैन पल्लीवाल क्षेत्र के जैन समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस दौरान पूर्व सरपंच रामेश्वर दयाल जैन, प्रदीप जैन, मोहित जैन ,नरेंद्र जैन आदि जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

मोदरान में श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम आज

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

मोदरान। मोदरान। हर वर्ष की भांति ईस वर्ष भी जालोर जिले के मोदरान मे श्री ब्राह्मण स्वर्णकार समाज के पूज्य संत शिरोमणि सिद्धी पुरुष श्री श्री 1008 गुरुदेव श्री अणदाराम महाराज धाम मोदरान मे षष्ठम् गुरु पुर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन बुधवार को महाआरती भव्य भजन संध्या व शाम की नवकारशी व गुरुवार को प्रतिभा सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रम व सुबह की नवकारशी के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।
रमेश सोनी पुनासा ने बताया की कार्यक्रम श्री अणदेशवर वाटीका श्री गुरुदेव अणदाराम मंदिर धाम भीमपुरा रोड मोदरान में श्री ब्राह्मण स्वर्णकार युवा संगठन, जालोर ,ब्राह्मण स्वर्णकार समाज व श्री अणदाराम सेवा संस्थान मोदरान की और से किया जा रहा हैं। कार्यक्रम में आज रात्रि भजन संध्या मे मधुबाला राव, उदयपुर सुप्रद्धि भजन गायिका ,नुतन गहलोत जोधपुर व दीपीका राव जोधपुर नृत्यांगना, अंकुश गहलोत आहोर भजन गायक ,संत कन्हैया लाल कोशेलाव भजन गायक व राहुल राजस्थानी नृत्य व झांकी कलाकार द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा । वही मंच संचालक नवरतन आर्य सोनी शिवगंज द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम मे में गुरुवार को प्रात 9 बजे से 10:30बजे तक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

युवाओं ने उठाया बिठा,बनाएंगे हरियालो सवाईपुरा

युवाओं का संकल्प गांव को बनाएंगे हरियालो सवाईपुरा

गुरूज्योति पत्रिका/रोहट। रोहट क्षेत्र के सवाईपुरा के युवाओं ने श्री राजेश्वर भगवान की 79 वीं बरसी महोत्सव के शुभ अवसर पर 27 जुलाई को सवाईपुरा गांव में 151 पौधे लगाने का संकल्प लिया। साथ ही युवाओं ने उनकी सुरक्षा को लेकर ट्री गार्ड लगाने के साथ साथ उन्हें नियमित पानी देने की व्यवस्था को लेकर भामाशाहों की मदद से व्यवस्था करने का संकल्प लिया। सवाईपुरा के युवाओं की मेहनत व लगन से गाव को हरियालो बनाने के लिए युवा लोग दिन रात मेहनत कर रहे हैं, युवाओं ने बताया कि गांव के विकास हेतु हर वक्त आगे रहेंगे। सवाईपुरा के युवा दुसरे गांवों के लिए बने प्रेरणादायक, पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का दिया संदेश।

संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु की ओर से स्लम बस्तियों में जीवनोपयोगी वस्तुओं का वितरण हुआ

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

बेंगलूरू। नर-नारायण सेवा के तहत संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु की ओर से रविवार (10 जुलाई) को गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम के निमित्त मागड़ी रोड, सुमनाहल्ली ब्रिज के पास स्थित स्लम बस्तियों में जीवनोपयोगी वस्तुओं का वितरण किया गया । जिसमें स्लम बस्ती के लगभग 150 जरूरतमंद परिवार कपड़े एवं खाद्य सामग्री पाकर ट्रस्ट द्वारा लाभान्वित हुए, उनमें कपड़े एवं खाद्य सामग्री के पैकेट्स चावल-दाल, तेल सहित अन्य जरूरतमंद चीजें वितरित किये गये। बस्ती में निवास करने वाले जन समुदाय जरूरतमंद सामग्री पाकर व आश्रम द्वारा संचालित भजन- संकीर्तन का लाभ उठाकर आल्हादित हुए।

जाविया के जंगल में पकडा दस फिट लम्बा अजगर

वन विभाग एवं ग्रामीणों की मदद से किया रेसक्यु

गुरूज्योति पत्रिका/जसवंतपुरा। जसवंतपुरा उपखण्ड मुख्यालय के निकटतम जाविया वन क्षेत्र में वन विभाग एवं ग्रामीणों की सहायता से पकड कर वन विभाग द्वारा सुरक्षित स्थान पर छोडा गया। जाविया जंगल में खोडेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर स्थित है एवं इस जंगल को इंको फ्रेडली वन क्षैत्र घोषित किया हुआ है। वनप्रेमी प्रवीणसिंह देवल जाविया ने जंगल में दस फिट लम्बा अजगर देखने पर तुरन्त वन विभाग जसवंतपुरा एवं ग्रामीणों को सुचित किया जिस पर वन विभाग जसवंतपुरा क्षैत्रिय वन अधिकारी कृष्णकुमार परमार ,वनपाल प्रकाशकुमार ,वन रक्षक अशोक विश्नोई,हरीसिंह मौके पर पहुच कर ग्रामीणों की सहायता से दो घंटों की मेहनत से दस फिट लम्बा अजगर पकड कर सुरक्षित जंगल में छोड दिया।

कृषि आदान अनुदान राशि से परावा के लघु काश्तकार वंचित

उक्त कृषि आदान अनुदान राशि हेतु हल्का पटवारी द्वारा सभी काश्तकारों के प्रस्ताव तैयार कर तहसील कार्यालय में पेश किये जाते है।

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

जालोर। जिले के चितलवाना तहसील के परावा ग्राम के लघु काश्तकारों को राज्य सरकार की कृषि आदान अनुदान योजना का फायदा अभी तक नहीं मिल पाया है। अनुदान राशि से वंचित इन काश्तकारों ने बताया कि उनके द्वारा कई बार प्रार्थना पत्र तहसील कार्यालय चितलवाना को पेश किये। हल्का पटवारी परावा को इस समस्या से बार-बार अवगत करवाने के उपरान्त भी आज-तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। परावा के ग्रामीणों ने बताया कि उच्च वर्ग के सभी काश्तकारों को कृषि आदान अनुदान राशि का भुगतान हो गया। परन्तु लघु काश्तकारों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। परावा गांव के काश्तकारों ने जिला कलक्टर को प्रार्थना पत्र भेजकर कृषि आदान अनुदान राशि का शीघ्र ही भुगतान कराने का निवेदन करने के साथ-साथ परावा पटवारी का तबादला करवाने की भी मांग उठाई हैं। उल्लेखनीय हैं कि राज्य सरकार द्वारा अकाल ग्रस्त वर्ष के दौरान काश्तकारों द्वारा अपनी कृषि भूमि पर की गई काश्त के अनुदान फसल की पैदावर नहीं होने से सभी काश्तकारोंको कृषि आदान अनुदान राशि का भुगतान किया जाता है। उक्त कृषि आदान अनुदान राशि हेतु हल्का पटवारी द्वारा सभी काश्तकारों के प्रस्ताव तैयार कर तहसील कार्यालय में पेश किये जाते है। जहां से प्रस्ताव अनुदान राशि की स्वीकृति आगामी कार्यवाही हेतु जिला कलक्टर कार्यालय को भिजवाये जाते है।

भागल भीम में वित्तीय साक्षरता की दी जानकारी

भीनमाल। निकटवर्ती भागल भीम में वितीय साक्षरता केंद्र रानीवाड़ा एव भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता की बैठक का आयोजन किया गया। फील्ड समन्यवक रमजान ने बताया कि एरिया मैनेजर मुमताज पठान एव सेन्टर मैनजर भवर लाल परिहार के निर्देश मे भागल भीम वित्तीय साक्षरता की जागरूकता का आयोजन किया गया। जिसमें न्यू खाता, बीमा, बचत, डिजिटल पेमेंट एव धोखाधड़ी से बचने का उपाय बताए गए।। बैठक मे कई ग्रामीणों ने भाग लिया।

भामाशाह गोवाणी द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों का किया अवलोकन

गुरूज्योति पत्रिका/भीनमाल। स्थानीय जी के गोवाणी राजकीय महाविद्यालय में भामाशाह कान्तिलाल गोवाणी ने मुम्बई से यहां आकर उनके द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो का अवलोकन किया। भामाशाह ने विकास कार्यो का अवलोकन करने के बाद विज्ञान संकाय परिसर व छात्रावास का जीर्णोद्वार शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। गोवाणी ने पूर्व में पूर्ण करवाये गये मुख्य परिसर का भी अवलोकन किया एवं महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता व साफ सफाई की प्रशंसा की। महाविद्यालय स्टॉफ क्वार्टस के जीर्णोद्वार को उन्होने त्वरित गति से पूर्ण करने हेतु ठेकेदार को निर्देश दिये। मीडिया प्रभारी एवं महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर प्राचार्य डॉ शिप्रा रानी ने भामाशाह द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेल मैदानों मय पवैलियन, विद्यार्थियों हेतु बहुउद्देशीय हॉल, ओडिटोरियम, नवीन पुस्तकालय भवन का निर्माण तथा प्रयोगशालाओं हेतु आवश्यक उपकरण एवं वाटर प्यूरीकॉपर दिये जाने पर आभार व्यक्त किया । डॉ पोदद्दा ने बताया कि महाविद्यालय परिसर सौन्दर्यकरण, उद्यान के साथ-साथ् औषधीय महत्व के पौधे भी भामाशाह द्वारा लगवाये जायेगे। भामाशाह गोवाणी द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो पर प्राचार्य व सभी स्टॉफ सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान मेजर कोमल कत्याल सह आचार्य, विमल खत्री व दिग्विजय सिंह (सहायक आचार्य), लक्ष्मणसिंह एवं श्रीराम बिश्नोई (यूडीसी), लेखराज तथा महाविद्यालय निमार्ण कार्य के ठेकेदार एवं छात्र उपस्थित थे।

कहर बनकर परिवार पर गिरी बिजली, परिवारों के बुझ गए चिराग, आकाशीय बिजली गिरने से तीन स्कूली बच्चों की मौत

चार गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद झालावाड़ किया रेफर हरिश्चंद्र के परिवार के दो चिराग बुझे

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

झालावाड। झालावाड़ के समीपवर्ती क्षेत्र मध्यप्रदेश के सोयतखुर्द गांव में हुआ दर्दनाक हादसा हुआ। जिसने भी इस हादसे के बारे में सुना वह स्तब्ध रह गया। मंगलवार को दोपहर लगभग 3 बजे के स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे स्कूल के बाहर निकले और अचानक बारिश आ गई । बारिश के कारण स्कूल से कुछ ही दूरी पर स्थित बरगद के पेड़ के नीचे बच्चे खड़े हो गए जहां पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी। आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल हुए 4 बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोयतकला में उपचार के लिए लाया गया, लेकिन बच्चों की हालत गंभीर होने के चलते उनको गंभीर अवस्था में झालावाड़ रेफर किया। स्कूली बच्चों पर बिजली गिरने की घटना पर सोयतकलां क्षेत्र गमगीन हो गया। देखते ही देखते घटना की जानकारी आग की तरह फैल गई और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोयतकला में क्षेत्रवासी व ग्रामीण जन की भीड़ उमड़ पड़ी। स्कूली बच्चों में मृतक भोला पिता जगदीश वर्मा, चंदन पिता हरिश्चंद्र भील, कुंदन पिता हरिश्चंद्र भील तथा चार अन्य बच्चे घायल हुए। सभी घायल बच्चों की उम्र 10 वर्ष से लेकर 12 - 13 वर्ष की है। घटना के बाद एसडीएम, नायब तहसीलदार, पुलिस प्रशासन मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे । प्राथमिक स्वास्थ्य में अव्यवस्था के चलते ग्रामीण जन आक्रोशित हुए ।

हरिश्चद्र के दो चिराग बुझे

हरिश्चंद्र भील निवासी सोयतखुर्द के दोनों पुत्र कुंदन और चंदन दोनों की मौत आकाशीय बिजली गिरने के कारण हरिश्चंद्र के परिवार के दोनों चिराग बुझ गए। इस घटना से पूरे परिवार स्तब्ध रह गया ।

ग्रामीणों में आक्रोश, बच सकती थी जान समय पर नहीं मिला इलाज

ग्रामीणों में आक्रोश है सोयतखुर्द से सोयतकलां की दूरी 9 किलोमीटर है यह सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है 9 किलोमीटर का सफर 40 मिनट में तय होता है बड़े-बड़े गढ्ढे हो चुके हैं। अगर सड़क ठीक रहती तो घायलों का इलाज समय पर होता तो बच्चों की जान बच सकती थी ।

बाय में आज हवन और कल भंडारा

गुरुज्योति पत्रिका/दातारामगढ़। बाय में दातारामगढ़ रोड स्थित श्री बावड़ी के बालाजी मंदिर मे आज हवन, रामायण पाठ किए जाएंगे एव कल भंडारा का आयोजन होगा जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व संतो का पदार्पण होगा इसमें बुधवार रात को प्रसाद भंडारा के बाद महाआरती व रात को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। फतेहपुर के काली माता मंदिर के महान संत रामदास, चीमा बाबा महाराज व उनकी भजन मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इससे पहले श्री बालाजी, गणेश सहित सभी मूर्तियों का अभिषेक किया जाएगा। भजन कार्यक्रम के आयोजन को गीगा राम, अटल कुमार , महिपाल भटा वाले, विनोद पुजारी, मातादीन योगी, अनील दायमा सहित सभी कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। महामंडलेश्वर विनोद भारती ने बताया कि भंडारा में खाटूश्याम श्री महाकाल अखाड़ा उज्जैन से जगतगुरु मदन महाराज शिरकत करेंगे।

सेन्ट पॉल पब्लिक स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

गुरुज्योति पत्रिका/पावा। ग्राम पंचायत पावा में गुड़ाइन्द्रपूरा रोड़ पर स्थित सेन्ट पॉल पब्लिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया ।स्थानीय विधालय के संस्थाप्रधान महेन्द्र सिंह राठौड़ बताया की मंगलवार को विधालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर विधालय के स्टांफ व विधार्थी उपस्थित थे।

मारूति मेडिकल की ओर से गौशाला में गायों की सुविधा के लिए पशु एंबुलेंस प्रदान की गई

गुरूज्योति पत्रिका/बेंगलूरु। मारूति मेडिकल्स विजयानगर द्वारा गायों की सेवा के लिए निशक्त गायों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष डिजाइन की हुई पशु एंबुलेंस को प्रभुपाद गौशाला के प्रमुख आनंद कृष्णा दास को प्रदान करते हुए महेंद्र मुणोत, धर्मपत्नि सुरक्षा मुणोत साथ में रामजीवन गौशाला के प्रमुख सुनील बजाज उपस्थित थे ।

श्री लाल बहादुर शास्त्री के छात्र का नवोदय प्रवेश परीक्षा में हुआ चयन

गुरूज्योति पत्रिका/गिड़ा। पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री सी.सै. स्कूल गिड़ा(बाड़मेर) के एक होनहार विद्यार्थी का नवोदय कक्षा 6 के लिए चयन हुआ।विद्यालय के निदेशक सवाईराम सऊ ने बताया कि यह विद्यार्थी हमारे विद्यालय में कक्षा 5 अध्ययनरत छात्र भानु प्रकाश पुत्र श्री गोमाराम के लाडले का नवोदय में विद्यालय की कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ हैं चयन होने पर इनके परिवार व विद्यालय परिवार में ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय की ओर से विद्यार्थी का सम्मान किया गया पिता गोमाराम कृषि का व्यवसाय करते हैं इस मौके पर विद्यालय स्टॉफ,अभिभावकों व ग्रामीणों ने इस होनहार विद्यार्थी को मिठाई खिलाकर उज्वल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

गुरू पूर्णिमा आज, धार्मिक स्थलों पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

गुरूज्योति पत्रिका/राजगढ़(अलवर)। राजगढ़ सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में आज गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरु की पूजा अर्चना की जाती है तथा गुरू का आशीर्वाद लेकर पुन्य लाभ कमाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कस्बे के रामबाग, अवधूत आश्रम, कलेशान स्थित भूरा सिद्ध सहित माचाड़ी कस्बे के बावन देव जी मंदिर, दाऊजी मन्दिर, नंगेश्वर बाबा, हट्टी गोपाल मंदिर, केसूला धाम, तपड़ी वाले बाबा, मनसा माता सहित अनेक जगहों पर गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी श्रद्धा के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

प्रधानाचार्य ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

गुरूज्योति पत्रिका/ईटन्दरा मेडतियान। पंचायत समिति रानी के ग्राम पंचायत जवाली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाली में प्रधानाचार्य आशा दैय्या का जन्मदिन 101 पौधे लगाकर मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ में रविकांत एसडीएम रानी ने पौधारोपण करके किया। एसडीएम रानी ने स्थानीय विद्यालय के छात्रों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि व्यक्ति को पेड़ो की तरह सहनशील और उदार होना चाहिए तथा हर बच्चे को एक पेड़ की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान सरपंच श्री जुगराज जैन ने एसडीएम साहब और ग्रामवासियों को बताया कि खीमावत ट्रस्ट रानी द्वारा जवाली में पांच हजार पेड़ लगाए गए है।प्रधानाचार्या आशा दैय्या ने बताया कि विद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत पिछले वर्ष 60 पेड़ लगाए गए थे तथा प्रत्येक छात्र अपने जन्मदिवस पर पेड़ लगाए इस हेतु उन्हें प्रेरित किया जाएगा।

ये रहे मौजूद

सरपंच जुगराज जैन, उपसरपंच महेंद्रसिंह राजपुरोहित,पंचायत समिति सदस्य सुमित्रा राजपुरोहित, दानदाता उत्तम भाई जैन, पूनमसिंह राज पुरोहित व केवलचन्द उपस्थित रहे।

दो वर्ष पश्चात आयोजित होने वाले प्रदेश के सबसे बड़े मेले में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कमी नहीं हो :-टीना डाबी

प्रदेश के सबसे बड़े भादवा मेले के सफल संचालन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



रामदेवरा। प्रदेश का सबसे बड़ा भादवा मेला आगामी 29 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इसकी उच्च स्तरीय बैठक स्थानीय ग्राम पंचायत के सभा भवन में जिला कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मेला व्यवस्था के सफल संचालन को लेकर उन्होंने समस्त विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 2 वर्ष पश्चात आयोजित होने वाले भादवा मेले में इस बार रिकॉर्ड श्रद्धालुओ के आने की संभावना है। इसको देखते हुए उनकी सुरक्षा व अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो इसके लिए उन्होंने सभी विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्त पेयजल चिकित्सा लाइट सहित मूलभूत सुविधाएं सुचारू रहे जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े भादवा मेले में देशभर से लोग दर्शन करने आते हैं ऐसे में आवागमन के लिए सड़क मार्ग पीने के लिए पानी चिकित्सा व लाइट जो जरूरी मूलभूत आवश्यकता है उनमें किसी प्रकार की कहीं कोई कमी नहीं रहे सभी विभागों के अधिकारी समय रहते इन चीजों को दुरुस्त करवा लें यहां आने वाले श्रद्धालु श्रद्धा व आस्था के साथ आता है ऐसे में उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त रेलगाड़ी व परिवहन विभाग की तरफ से अतिरिक्त स्पेशल बसों का संचालन भी किया जाएगा श्रद्धालुओ को सुगमता पूर्वक दर्शन हो इसके लिए समाधि समिति की तरफ से 22 घंटे समाधि स्थल को खुला रहकर सदा लोगों को दर्शन करवाए जाएंगे । राम सरोवर तालाब का उसके दांत के आसपास गुप्ता के कड़े कदम उठाते हुए प्रशिक्षित तैराक भी तैनात किए जाएंगे।

दो चरणों में आयोजित किया जाएगा भादवा मेला

प्रतिवर्ष यह देखने में आता है कि बाबा रामदेव भादवा मेंला विधिवत रूप से शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओ की जबरदस्त आवक होनी शुरू हो जाती है। प्रशासनिक लवाजमा जब तक आता है तब तक आधे से अधिक श्रद्धालु दर्शन करके निकल जाते हैं। इसको देखते हुए प्रशासन की तरफ से भी विशेष तैयारियां की जा रही है ।भादवा मेंला दो चरणों में आयोजित होगा। जिसमें 15 दिन पहले जिला स्तर से पुलिस फोर्स यहां तैनात की जाएगी जबकि विधिवत रूप से भादवा मेला शुरू होगा तब प्रदेश भर से 3000 से अधिक पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता यहां लगाया जाएगा ताकि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर सभी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अगली बैठक में सभी कार्य पूर्ण होने चाहिए

नवनियुक्त जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि आज की बैठक में यह निकल कर सामने आया कि काम हो जाएगा काम हो रहा है ।अगली बैठक एक पखवाड़े पश्चात इसी स्थान पर आयोजित होगी जिसमें सभी विभाग के अधिकारी पॉजिटिव अप्रोच के साथ इस बैठक में आए। वह अपने-अपने विभाग के सभी कार्य पूर्ण कर के ही आए। उनके मुंह से यह निकलना चाहिए कि सभी कार्य पूर्ण करवा लिए गए हैं। तब अच्छा लगेगा हम सबकी जिम्मेदारी है कि सभी मिलकर इस भादवा मेले को सफल व अच्छा बनाएं इसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए।

बैठक में उपस्थित रहे ये अधिकारी

प्रशासन की तरफ से सभी माकूल व्यवस्था की जाएगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसको लेकर सभी विभागों को अपने अपने कार्य एक पखवाड़े के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया है ।पुलिस प्रशासन की तरफ से मेले में उठाई गिरो व संदिग्ध व्यक्तियों के लोगों से रोकथाम के लिए पुलिस कारगर कदम उठाएगी। चिकित्सा पेयजल लाइट सहित सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजेश विश्नोई, पुलिस उप अधीक्षक मोटाराम चौधरी, तहसीलदार बंटी राजपूत,सुनीता चौधरी, नगरपालिका पोकरण ईओ तनुजा सोलंकी विकास अधिकारी किशोर कुमार व गौतम सरपंच समंदर सिंह तवर ग्राम विकास अधिकारी चौथा राम भील व्यापार संघ अध्यक्ष आंसू सिंह तवर, बाबा रामदेव व्यापारिक अध्यक्ष मोती लाल पुरोहित समाधि समिति व्यवस्थापक कमल छंगाणी, कपिल छंगाणी अंबाराम कुमावत ,पुरखाराम जयपाल ,प्रताप सेन लक्ष्मण वानर सहित अन्य जन भी उपस्थित रहे।

आपत्तिजनक गाने में 2 लोगों को गिरफ्तार, न्यायालय ने दोनों को भेजा न्यायिक अभिरक्षा में

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

जालोर। पुलिस थाना कोतवाली द्वारा कार्यवाही के दौरान आपत्तिजनक गाने में 2 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश, न्यायालय ने दोनों को भेजा न्यायिक अभिरक्षा में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर मामला दर्ज विभिन्न समुदायों में आपस में सौहार्द व धार्मिक भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है । उक्त गाना सुर शारदा स्टूडियो , लेटा रेल्वे कॉसिंग जालोर के पास आई दूकान के संचालक विक्रमसिंह व भवानीसिंह द्वारा किया जाकर वायरल किया है । उक्त ईत्तला के सत्यापन हेतु उपनिरीक्षक मय जाब्ता के शारदा स्टूडियो , लेटा रेल्वे कॉसिंग जालोर पहुंचे तथा उक्त स्टूडियो का दरवाजा खुलवाया गया तो 1. भवानीसिंह पुत्र श्री अर्जुनसिंह , जाति राजपुरोहित उम्र 32 साल निवासी तेजानगर कांलु पाबुजी पुलिस थाना लोहावट , जिला जोधपुर व 2. विक्रमसिंह पुत्र श्री गुमानसिंह जाति राजपुरोहित उम्र 24 साल निवासी लालसर , पुलिस थाना देचु जिला जोधपुर स्टुडियों में काम करते मिले । जिन्हें ईत्तला से अवगत करवाया जाकर विवादग्रस्त संगीत जो वायरल हुआ है , के संबंध में पूछताछ की तो दोनों ने बताया कि हमने प्रिंस दुर्गावत जो वीडियो शूटिंग का काम करता है , को दिनांक 01.07.2022 को दिन में हमारे स्टूडियो पर बुलाया । उक्त स्टूडियो में संगीत भवानीसिंह ने गाया तथा विक्रमसिंह व प्रिंस ने गाने की कम्प्यूटर में रिकॉर्डिंग की । फिर प्रिंस ने अपनी दुकान पर उक्त वीडियो क्लीप व अन्य वीडियो क्लीपों की एडिटिंग कर यह गाना सेट करके हमारे मोबाईल पर भेजा । फिर हम दोनों ने उक्त गाने को हमारे कम्प्युटर की हार्ड डिस्क व सीपीयु में डालकर रक्षित किया , जिसको हमने समाज में प्रसिद्धि पाने के लिए वायरल कर दिया । इस प्रकार विक्रमसिंह , भवानीसिंह व प्रिंस तीनों ने मिलकर विभिन्न समुदाय के बीच धार्मिक भावना भड़काने के लिए विवादित गाना गाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना स्वीकार किया । जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए विक्रमसिंह व भवानीसिंह की निशादेही से उक्त विवादित गाने में उपयोग लिये गये उपकरण सीपीयु , हार्ड डिस्क की बरामदगी की गई तथा अभियुक्त भवानीसिंह व विक्रमसिंह को गिरफ्तार किये गये । अभियुक्तगण के विरूद्ध प्रकरण कोतवाली में दर्ज किया गया । 294 दिनांक 10.07.2022 धारा 153क 295क द्वश्ष के अंतर्गत थाना कोतवाली जालोर में मुकदमा दर्ज किया ।

विद्युत विभाग की लापरवाही से किसान को लगा करंट, मौके पर नहीं पहुंचे कर्मचारी

लूणावास के सांवलाराम सुथार के घर के विद्युत उपकरण जले, सुथार को लगा करंट

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

भीनमाल। निकटवर्ती लूणावास गांव में हाई वोल्टेज की समस्या को लेकर एक घर में सभी उपकरण जल गए। विस्फोट होकर जले उपकरणों की आवाज सुनकर विद्युत आपूर्ति बंद करने पहुंचा। किसान भी बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सूचित किया गया, लेकिन कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। जानकारी के अनुसार लूणावास निवासी सांवलाराम सुथार ने बताया कि आज सवेरे 11 बजे के आसपास वो अपने खेत में काम कर रहा था। इस दौरान सामने ही स्थित घर में पंखे विस्फोट होकर जलने लगे। खेत से घर पहुंच कर उसने विद्युत आपूर्ति को बंद करने के लिए मेन स्विच को हाथ लगाया तो बुरी तरह जलने के बाद नीचे गिर गया। इसके पश्चात आसपास के लोगों ने उसे भीनमाल के राजकीय चिकित्सालय में पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया। किसान ने बताया कि करीब 3 महीने पहले घरेलू कनेक्शन लिया है इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारियों को नई केबल डालने के लिए बोला था लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने पुराने खंभे पर ही ढोलकी लगा दी। खंभों की हालत इतनी क्षतिग्रस्त है कि कभी भी गिर सकते हैं। आज हाई वोल्टेज की समस्या भी संभवत इसी कारण हुई है।

इनका कहना

शाम को मेरे पास फोन आया था, मैंने भरतजी सहायक अभियंता को कहा है, वह चेक करके रिपोर्ट देंगे ।

एनके जोशी, एसई विद्युत विभाग जालौर

शिक्षक संगठन सियाराम की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

शिक्षक एकजुटता से ही शिक्षकों की समस्याओं का समाधान संभव: रामलाल मीणा प्रधानाचार्य एवं नोडल प्रभारी

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

चाकसू। कस्बे स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर परिसर में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जयपुर प्रथम की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न शैक्षिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया एवं शैक्षिक गुणवत्ता तथा नामांकन वृद्धि पर मंथन किया गया विशेष रूप से कार्यकारिणी में प्रस्ताव लिया गया कि हिंदी माध्यम से रूपांतरित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों को दो पारी में संचालित किया जाए ताकि स्थानीय हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को भी उसी विद्यालय में अध्ययन करने का अवसर मिल सके एवं अध्ययन के लिए अन्यत्र नहीं भटकना पड़े सरकार को महात्मा गांधी विद्यालय को दो पारी में संचालित करने के लिए सकारात्मक पहल करनी चाहिए बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश प्रधानाचार्य प्रतिनिधि रामलाल मीणा ने कहा कि शिक्षक एकजुटता से ही शिक्षकों की समस्याओं का समाधान संभव है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री नवीन कुमार शर्मा ने हरित राजस्थान की थीम को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्येक विद्यालय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया श्री नवीन शर्मा को राजस्थान संयुक्त कर्मचारी महासंघ संयुक्त महामंत्री बनने पर बधाई दी विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा ने शिक्षकों से मन लगाकर कर्तव्य निष्ठा से बालकों के साथ अध्यापन करवाने पर जोर दिया एवं नामांकन वृद्धि हेतु शिक्षा के बढ़ते चरण की तरफ ध्यान आकर्षित किया प्रदेश निर्वाचन अधिकारी ईश्वर दयाल शर्मा ने तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण एक जिले से दूसरे जिले में शीघ्र करने की मांग रखी जिला अध्यक्ष रामजी लाल बैरवा ने सदस्यता अभियान को बढ़ाने के लिए सुझाव दिए जिले के विभिन्न ब्लॉकों से पधारे ब्लॉक अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे इस अवसर पर ए सी बी ई ओ प्रकाश चंद मीणा अशोक कुमार रंगलाल मीणा दिनेश कुमार शर्मा बाबूलाल बैरवा पप्पू लाल मीणा राम प्रकाश शर्मा लादूराम बेरवा गोपाल लाल गोस्वामी सेवानिवृत्त सदस्य कैलाश चंद मीणा बस्सी रामकली मीणा महिला मंत्री चेतन शर्मा उपाध्यक्ष लालाराम मीणा कोषाध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

दीनता की पीपनी

धोबियों के घाट नाचें
नित वसन की ताल पर
दीनता की पीपनी सी
बज रही हर गाल पर।।

प्याज की महँगी प्रथाएँ
मेंहदी को यूँ रुलाती
रोटियाँ चटनी नहीं हैं
पेट को भूखा सुलाती
भूख दुल्हन भी विदाई
चाहती हर हाल पर।।

झूठ परिणय सूत्र दिखता
स्वप्न कब देखे हठीली
जो हवन वेदी बना है
आँख उसकी देख गीली
तेल चढ़ता बान बैठी
दीनता इस साल पर।।

काज धंधे मिट चुके हैं
मौन शहनाई बताती
कष्ट की बारात दर पर
गौरवा कर पूर्ण आती
और दायज राज माँगे
धोबियों के माल पर।।

कवि साहित्यकार पत्रकार आलोचक
- विलक्षण उपाध्याय भारमल गर्ग
उपखंड सांचौर, जालौर (राजस्थान)

निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

शिविर में चयनित 28 मरीजों का होगा ऑपरेशन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

दांतारामगढ़। दांता नगर पालिका के पंसारी चितावत भवन में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया जिसमें 28 लोगों को नेत्र के ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर जयपुर ले जाया गया जहां उनका ऑपरेशन होगा। जानकारी अनुसार प्रत्येक माह संकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग एवं स्वर्गीय ताराचंद कासलीवाल की पुण्य स्मृति में यह शिविर दांता में लगाया जाता है। शिविर के दौरान कुल 73 मरीजों की जांच संकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम ने की जिसमें 33 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया,लेकिन उनमें से 5 मरीजो ने ऑपरेशन के लिए जाने में असमर्थता जताई । उसके बाद 28 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अस्पताल की टीम अपने साथ जयपुर ले गई जहां उनका कल ऑपरेशन किया जाएगा। गौरतलब है कि शिविर में आए हुए मरीजों की जांच एवं आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके ऑपरेशन, मोतियाबिंद वाले रोगियों को चश्मा भोजन एवं रहने की निःशुल्क व्यवस्था संकरा आई हॉस्पिटल द्वारा दी जाती है।

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936